# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

## सराहनीय कार्य

दिनांक 26.09.2020

**1-थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा कम्पनी मे चोरी करने वाले 04 चोर गिरफ्तार, कब्जे से फ्रिज के स्टैंड बनाने से सम्बन्धित लोहे की पत्ती बरामद :**

दिनांक 26.09.2020 की रात्रि को थाना फेस-2 पुलिस द्वारा 04 चोर अभियुक्त 1.जगवीर पुत्र मुलायम सिंह 2. रघुवीर पुत्र टीकाराम 3.मनोज यादव पुत्र रामाशंकर यादव 4. अशरेश कुमार सिंह पुत्र नन्द कुमार को दादरी रोड़ फेस-2 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की गयी 135 किलोग्राम फ्रिज मे लगाये जाने वाली 960 लोहे की टाँगे बरामद हुई है। अभियुक्तो के विरूद्ध दिनांक 25.09.2020 को मु0अ0स0 570/20 धारा 381/411 भा0द0वि0 थाना फेस-2 गौतमबुद्धनगर पंजीकृत किया गया था।

**अभियुक्तो का विवरण-**

1. जगवीर पुत्र मुलायम सिंह निवासी ग्राम बहेडिया थाना मुजरिया जिला बदाँयू वर्तमान निवासी हबीबपुर थाना ईकोटेक 3 गौतमबुद्धनगर

2. रघुवीर पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना बिसादगंज जिला बरेली वर्तमान निवासी कुलेसरा थाना ईकोटेक 3 गौतमबुद्धनगर

3. मनोज यादव पुत्र रामाशंकर यादव निवासी ग्राम इमलिया थाना रामगंढ जिला कैमूर बिहार वर्तमान निवासी कालू भाटी का मकान याकूबपुर थाना फेस- 2 नोएडा

4. अशरेश कुमार सिंह पुत्र नन्द कुमार निवासी ग्राम सिमरी बाला थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार हाल निवासी नवीन पंडित का मकान कुलेसरा थाना ईकोटेक-3 गौतमबुद्धनगर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 570/20 धारा 381/411 भा0द0वि0 थाना फेस/2 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

कम्पनी से चोरी की गयी 135 किलोग्राम लोहे की फ्रिज के स्टैंड बनाने से सम्बन्धित लोहे की पत्ती ।

**2-थाना एक्सप्रेसवे पुलिस द्वारा नशीले पदार्थ कि तस्करी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 किलो अवैध गांजा बरामद :**

दिनांक 25.09.2020 को थाना एक्सपे्रसवे पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तो 1. सागर कुमार पुत्र देवराज कुश्वाह 2. आनन्द कुमार पुत्र स्व0 रामकिशन को थाना क्षेत्र स्थित पंचशील अंडर पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से क्रमशः 1.7 किलो व 2.3 किलो (कुल 4 किलोग्राम ) अवैध गांजा बरामद किया गया है।

**अभियुक्तो का विवरण-**

1. सागर कुमार पुत्र देवराज कुश्वाह निवासी ग्राम बनरसी जिला फतेहपुर वर्तकमान पता सुरेश चौहान का मकान ग्राम वाजिदपुर सै0 135 नोएडा

2. आनन्द कुमार पुत्र स्व0 रामकिशन नि0 पुरीख थाना बिहरो पचगछिया जिला सहरसा बिहार वर्तमान पता तेजवीर चौहान का मकान ग्राम वाजिदपुर सै0 135 नोएडा गौतमबुद्धनगर।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0 378/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 379/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्धनगर ।
3. मु0अ0सं0 269/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बीटा 2 गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

04 किलो गांजा

**3-थाना नॉलेज  पार्क पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से रेत से भरी हुयी 01 ट्रेक्टर ट्राली व 02 फावडे आदि बरामद।**

दिनांक 26.09.2020 को थाना नालेज पार्क पुलिस द्वारा अवैध खनन के कार्य मे लिप्त 02अभियुक्तो 1. जयप्रकाश 2. महेश कुमार पुत्र गण महावीर निवासीगण ग्राम गढी समस्तीपुर थाना नालेज पार्क को एक ट्रेक्टर ट्राली मय रेत से भरा हुआ, दो फावडे व दो बेलचो के साथ ग्राम कामबख्सपुर यमुना नदी के किनारे से गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्तो का विवरण-**

1. जयप्रकाश पुत्र महावीर नि0 ग्राम गढी समस्तीपुर थाना नालेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

2. महेश कुमार पुत्र महावीर नि0 ग्राम गढी समस्तीपुर थाना नालेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 332/2020 धारा 379,411  भादवि व 4/21 खनन अधि0 थाना नालेज पार्क गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक ट्रेक्टर नम्बर यूपी 16 ए यू 4058 मय ट्राली रेत से भरा हुआ

2. दो फावडे

3. दो बेलचे

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

दिनांक 26.09.2020 को पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के बुलंदशहर सीमावर्ती थाना  दनकौर  व दादरी  के संवेदनशील स्थानों  निरीक्षण किया गया। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पिकेट , सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपाय  करने हेतु  निर्देश दिए गये, इसके बाद थाना क्षेत्र दादरी में पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा थाना दिवस में आये फरियादियों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया व समाधान दिवस में आये आये फरियादियो को कोविड-19 से बचाव के तरीके मास्क , सेनेटाइजर आदि के उपयोग करने की अपील की गई। कमिश्नरेट में आज समाधान दिवस के अवसर पर कुल 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमे 20 का निस्तारण शीघ्र कर दिया गया। शेष के   शीघ्र निस्तारण हेतु टीमें गठित की गई है। इसके पश्चात

पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा थाना क्षेत्र जारचा के बॉर्डर की चौकी सेन्थली का निरीक्षण किया गया। चौकी पर बैरियर की आवश्यकता को समझते हुए बैरियर लगाने का निर्देश दिया। इस मौके पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था द्वारा समाधान दिवस के अंतर्गत थाना सेक्टर 58 व थाना सेक्टर 49 का भ्रमण किया गया तथा अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारियों को फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया।





<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

दिनांक 26.09.2020 को पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में ऑपरेशन प्रहार के तहत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस, खोड़ा पुलिस गाजियाबाद व दिल्ली पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन से खोड़ा ,दिल्ली,एनसीआर क्षेत्र व अन्य क्षेत्र में लूट की घटना कारित करने वाले लगभग 50 संदिग्ध अपराधियों के घरों में रेड डाली गई, जिसमें  27 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है ।

ऑपरेशन के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से एसीपी-1 अंकिता शर्मा ,एसीपी-।। नोएडा रजनीश कुमार, थाना प्रभारी सेक्टर 49, थाना प्रभारी सेक्टर 24 व थाना प्रभारी एक्सप्रेसवे के अतिरिक्त पुलिस के 55 जवान, ग़ाज़ियाबाद पुलिस के 20 व दिल्ली पुलिस के 30 जवान शामिल रहे। ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत 27 लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है साथ ही पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में सभी संदिग्ध लोगों का डोजियर तैयार किया जा रहा है एवं इस प्रकार के गंभीर प्रवृति के अपराधियों के विरुद्ध आपरेशन प्रहार भविष्य में भी जारी रहेगा ।





# **प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 26.09.2020 को पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा द्वारा प्रातः 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक गौतबुद्धनगर पुलिस की महिला और बाल सुरक्षा इकाई के पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस कार्यशाला में तीन सेशन हुये। प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिस कर्मियों को प्रोफेशनल psychiatrists और pshychotherapists द्वारा चाइल्ड रेप के पीडितों एवं उनके परिवारजनों की प्रभावी काउंसलिंग में प्रशिक्षण दिया गया ताकि पुलिस के माध्यम से दी गई काउंसिल से पीड़ित को अपने साथ होने वाले अपराध का आघात कम हो सके एवं उन्हें जीवन में सफल होने का हौसला मिल सके, साथ ही साथ परिवारों को सही काउंसलिंग दी जा सके कि वह इस घटना से जुड़ी लोकलाज का हवाला पीड़ित को न दें और सदैव उसे ज़िन्दगी में कामयाब बनने को प्रेरित करें। इसके साथ साथ विशेषज्ञों द्वारा रेप पीडितों में पैदा होने वाले Post Stress Traumatic Disorders को पहचानने पर चर्चा की जिन्हें मात्र पुलिस की काउंसलिंग से नहीं सुलझाया जा सकता और जिन्हें चिकित्सा उपचार की आवश्यकता होती है। पुलिस कर्मियों को पूरी जानकारी दी गई कि इस प्रकार की स्थिति में रेप पीडितों को किन सरकारी साइकेट्री सेवाओं को रेफर किया जा सकता है। यह पूरा प्रशिक्षण गौतम बुद्ध नगर पुलिस की नई सेवा पुलिस-सखी की तैयारी में आयोजित किया गया था। इस सेवा के अन्तर्गत बाल रेप के गंभीर प्रकरणों में पुलिस की एक काउंसलर पीडितों एवं उनके परिवार के साथ जुड़कर काउंसलिंग देंगी। पीड़िता को प्रोफेशनल काउंसलिंग या उपचार की आवश्यकता होने की स्थिति में पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा को सूचित करेंगी ताकि ये सेवायें प्राइवेट या सरकारी अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा सकें। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही सुनिश्चत करने के साथ साथ अब बाल रेप के पीडितों की मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति की ओर भी अपना योगदान देगी।

**प्रशिक्षण में भाग लेने वाले विशेषज्ञों का विवरण निम्नानुसार है:**

1. Dr. Manu Tiwari - HOD, Mental Health, Fortis Escorts Heart Institute, Okhla; Fortis Hospital, Noida

2. Ms. Rashmi Singh, Clinical Neuropsychologist and Behavioral Therapist - Manas Ganga Clinic, Noida

3. Ms. Sushree Sahu, Head of Department of Psychology, Manas Ganga Clinic, Noida

4. Ms. Rashmi - Psychotherapist and Psychiatric Social Worker, Nithari Hospital

5. Dr. Tanuja - Consultant Psychiatrist, Nithari Hospital

इसके अतिरिक्त कार्यशाला के दौरान महिला और बाल संबंधी अपराधों से सम्बंधित फोरेंसिक साक्ष्यों पर डॉक्टर अंजू रानी, विभागाध्यक्ष, फोरेंसिक मेडिसीन, GIMS, गौतमबुद्धनगर द्वारा एक सेशन लिया गया और डॉक्टर डीबी ढाका, सीएमएस, गौतबुद्धनगर द्वारा मेडिकल विभाग की सभी सेवाओं से पुलिसकर्मियों को अवगत कराया गया और पीड़ितो के मेडिकल परीक्षण में आने वाली पुलिस की समस्याओं को सुना गया।



